भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1297
उत्तर देने की तारीख 30 जुलाई, 2026

डिजिटल कनेक्टिविटी

1297. **श्री बाबूभाई जेसंगभाई देसाई:**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) क्या सरकार ने शहरी, ग्रामीण और सीमावर्ती क्षेत्रों में 5जी सेवाओं और डिजिटल कनेक्टिविटी के विस्तार में तेजी लाई है;
(ख) पिछले तीन वर्षों में, विशेषकर गुजरात में, संस्थापित टेलीकॉम टावरों और जोड़े गए गांवों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या दूर-दराज़ और तटीय इलाकों में टेलीकॉम अवसंरचना को बेहतर बनाने के लिए अतिरिक्त पहलों का प्रस्ताव है; और
(घ) डिजिटल अभिशासन, शिक्षा, स्वास्थ्य देख-रेख सेवा और आर्थिक विकास पर इसका क्या प्रभाव पड़ने की उम्मीद है?

उत्तर

संचार और ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्रशेखर)

(क) देश के सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 5जी सेवाएं शुरू कर दी गई हैं और वर्तमान में ये देश के 99.9% जिलों में उपलब्ध हैं। 30.06.2026 तक की स्थिति अनुसार, दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) ने देशभर में 5.62 लाख 5जी बेस ट्रांसीवर स्टेशन (बीटीएस) संस्थापित किए हैं।

इसके अलावा, दूरसंचार विभाग ने शहरी, ग्रामीण और सीमावर्ती क्षेत्रों सहित देश भर में डिजिटल संचार अवसंरचना और हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी के त्वरित विस्तार के लिए दूरसंचार अधिनियम, 2023 के तहत दूरसंचार (मार्ग का अधिकार) नियम, 2024 को अधिसूचित किया है।

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान गुजरात सहित देशभर में संस्थापित मोबाइल टावरों की संख्या और जोड़े गए गांवों की संख्या की राज्य-वार गणना क्रमशः अनुबंध-I और अनुबंध-II में दी गई है।

(ग) सरकार ने दूरस्थ और तटीय क्षेत्रों सहित देशभर में दूरसंचार अवसंरचना में सुधार के लिए कई पहलें की हैं, जिनमें अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित शामिल हैं:

(i) दूरसंचार अवसंरचना अर्थात ऑप्टिकल फाइबर केबल (ओएफसी) बिछाने और दूरसंचार टावर की संस्थापना के परिनियोजन के लिए मार्ग का अधिकार (आरओडब्ल्यू) अनुमतियों को सुव्यवस्थित करने हेतु 14 मई, 2022 को केंद्रीकृत राइट ऑफ वे (आरओडब्ल्यू) पोर्टल का शुभारंभ करना।

(ii) ग्राम पंचायतों (जीपी) और गांवों में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए भारतनेट परियोजना।

(iii) सेवा से वंचित सभी गांवों में 4जी मोबाइल कवरेज प्रदान करने के लिए 4जी सेचुरेशन स्कीम।

(iv) वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) प्रभावित क्षेत्रों और आकांक्षी जिलों में मोबाइल सेवाएं प्रदान करने की स्कीम।

(v) चेन्नई एवं अंडमान और निकोबार द्वीप समूह तथा कोच्चि एवं लक्षद्वीप द्वीप समूह के बीच सबमरीन ऑप्टिकल फाइबर केबल की शुरुआत।

(घ) उच्च गति, अधिक विश्वसनीयता और लो लेटेंसी और मैसिव मशीन-टाइप कम्युनिकेशंस विशेषताओं के साथ, 5 जी में मोबाइल इकोसिस्टम को नए क्षेत्रों में विस्तारित करने की क्षमता है जो कृषि, स्वास्थ्य सेवा, विनिर्माण और औद्योगिक स्वचालन, खनन, शिक्षा, ऊर्जा और ग्रिड पावर, ऑटोमोटिव उद्योग, मीडिया और मनोरंजन इत्यादि जैसे प्रत्येक उद्योग और सामाजिक क्षेत्र को प्रभावित करता है। 5जी रियल टाइम में सार्वजनिक सेवाओं और हाई-स्पीड कनेक्टिविटी उपलब्ध कराके डिजिटल शासन को परिवर्तित कर रहा है।

केंद्र सरकार ने 97.67 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 5जी यूज केसेज और संबंधित अनुप्रयोगों को विकसित करने के लिए देश भर में 100 5जी प्रयोगशालाएं स्थापित की है। इन पहलों का उद्देश्य एक ऐसा इको-सिस्टम विकसित करना है जहां छात्र, स्टार्टअप और शोधकर्ता क्षेत्र-विशिष्ट (जैसे स्वास्थ्य सेवा, कृषि, शिक्षा, बिजली क्षेत्र) नवाचारी 5जी स्वदेशी सोल्यूशन विकसित कर सकें और उसका परीक्षण कर सकें, और देश को 5जी प्रौद्योगिकी के उपयोग में सबसे आगे ले जा सकें। सभी 100 5जी प्रयोगशालाएं संस्थापित और शुरू कर दी गई हैं और ये वर्तमान में काम कर रहे हैं।

*****

अनुबंध-I

क्र.सं.	राज्य / संघ राज्य क्षेत्र	संस्थापित मोबाइल टावरों की संख्या का राज्य-वार ब्योरा				
		30.06.2026 तक	31.03.2026 तक	31.03.2025 तक	31.03.2024 तक	31.03.2023 तक
1	अंडमान और निकोबार (संघ राज्य क्षेत्र)	507	496	442	401	357
2	आंध्र प्रदेश	30648	30553	28825	27960	26401
3	अरुणाचल प्रदेश	2624	2599	2226	2023	1676
4	असम	19851	19785	19197	18793	17803
5	बिहार	46657	46706	45579	44497	41712
6	चंडीगढ़ (संघ राज्य क्षेत्र)	1214	1214	1224	1232	1197
7	छत्तीसगढ	18844	18638	17516	16129	15430
8	दिल्ली	25656	25655	25270	24790	23923
9	गोवा	1790	1782	1741	1715	1684
10	**गुजरात**	**51977**	**51781**	**49244**	**46638**	**44317**
11	हरियाणा	26834	27139	26573	25716	24521
12	हिमाचल प्रदेश	10194	10135	9683	9289	8957
13	जम्मू और कश्मीर	12428	12324	11738	11559	10977
14	झारखंड	23662	23688	22959	22349	21237
15	कर्नाटक	51624	51416	49976	49643	47818
16	केरल	25150	24965	23890	22140	20863
17	लद्दाख	886	883	657	609	564
18	लक्षद्वीप (संघ राज्य क्षेत्र)	57	57	41	37	34
19	मध्य प्रदेश	45500	45353	43470	40804	38667
20	महाराष्ट्र	91223	90694	86170	83233	79053
21	मणिपुर	2785	2782	2676	2656	2635
22	मेघालय	2732	2693	2522	2465	2324
23	मिजोरम	1402	1387	1363	1340	1288
24	नागालैंड	2040	2020	1747	1697	1609

25	ओडिशा	32522	32222	30083	28186	25595
26	पुदुचेरी (संघ राज्य क्षेत्र)	823	822	816	800	749
27	पंजाब	24980	24925	24520	24200	23370
28	राजस्थान	46322	46095	44529	43768	40481
29	सिक्किम	792	791	757	760	751
30	तमिलनाडु	51091	50982	50164	49398	47071
31	तेलंगाना	31688	31566	30796	30122	28655
32	त्रिपुरा	2806	2794	2687	2663	2577
33	दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव संघ राज्य क्षेत्र	591	580	525	488	458
34	उत्तर प्रदेश	105341	104702	101218	97590	91383
35	उत्तराखंड	10888	10834	10487	9880	9387
36	पश्चिम बंगाल	54257	53885	52969	51201	48543
कुल योग		**858386**	**854943**	**824280**	**796771**	**754067**

अनुबंध-II

क्र.सं.	राज्य / संघ राज्य क्षेत्र	आरजीआई डेटा सूची के अनुसार कुल गाँव	मोबाइल नेटवर्क (2जी/3जी /4जी) से कवर किए गए गांवों की संख्या			
			28.02.2023 तक	31.03.2024 तक	31.03.2025 तक	31.03.2026 तक
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	559	348	377	401	433
2	आंध्र प्रदेश	17328	14490	15456	16515	16964
3	अरुणाचल प्रदेश	5993	3367	3909	4194	4860
4	असम	26429	24508	25447	25983	26266
5	बिहार	44888	44679	44691	44796	44844
6	चंडीगढ़	0	0	0	0	0
7	छत्तीसगढ	20072	18692	18927	19162	19324
8	दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव	95	95	95	95	95
9	गोवा	392	301	343	344	355
10	**गुजरात**	**18425**	**17865**	**17933**	**18071**	**18213**
11	हरियाणा	6640	6635	6637	6639	6639
12	हिमाचल प्रदेश	20852	19931	20009	20180	20348
13	जम्मू और कश्मीर	6474	6006	6060	6154	6227
14	झारखंड	32370	30271	31796	31905	32167
15	कर्नाटक	29818	29009	28952	29211	29380
16	केरल	1438	1389	1438	1438	1438
17	लद्दाख	243	226	225	234	233
18	लक्षद्वीप	27	24	23	25	27
19	मध्य प्रदेश	55058	52484	53114	53290	54171
20	महाराष्ट्र	43931	40396	41228	41632	43074
21	मणिपुर	2612	2120	2131	2215	2427
22	मेघालय	7100	5730	6141	6730	6983

23	मिज़ोरम	867	744	737	740	815
24	नागालैंड	1535	1179	1185	1232	1438
25	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली	55	55	55	55	55
26	ओडिशा	51176	45913	47208	49113	50044
27	पुदुचेरी	96	96	96	96	96
28	पंजाब	12534	12500	12529	12532	12532
29	राजस्थान	46077	42740	44216	45193	45535
30	सिक्किम	461	157	446	453	455
31	तमिलनाडु	16488	16252	16219	16472	16485
32	तेलंगाना	10203	9962	9965	9962	9995
33	त्रिपुरा	937	794	687	707	930
34	उत्तर प्रदेश	105531	105329	105436	105475	105495
35	उत्तराखंड	16456	15510	15508	16367	16399
36	पश्चिम बंगाल	40971	40941	40944	40956	40962
कुल योग		**644131**	**610738**	**620163**	**628567**	**635704**